(91)

प्र.सं.12 (ख) अनुसूचित जन जातियों के सम्बन्ध में किए गए आरक्षण का वास्तविक रूप से पालन हो रहा है इसे सुनिश्चित किए जाने के लिए मशीनरी/ जाँच उपाय क्या है ?

उत्तर वर्ग "ग" और "घ" पदों पर नियुक्ति के सम्बन्ध में सम्बन्धित विभागों द्वारा रोस्टर बनाकर रखा जाना अपेक्षित है। पुनः यह सुनिश्चित करने के लिए कि अनुसूचित जन जातियों के पक्ष में किए जाने वाले आरक्षण का वास्तविक रूप से पालन किया गया है, जनजातीय कल्याण निदेशालय द्वारा ऐसे सभी विभागों से आवधिक विवरणियाँ प्राप्त की जाती हैं।

प्रश्न सं. 13(क) कृपया निम्नलिखित प्रपत्र के अनुसार दिनांक 1.1.1995 तक संघ राज्य प्रशासन के कर्मचारियों की संख्या दर्शाते हुए विवरण प्रस्तुत करें :-

उत्तर

| पदों की श्रेणी | कुल कर्मचारियों की संख्या | अन. जाति की संख्या | अनु. जनजातियों की संख्या | अनुसूचित जनजातियों | अनुसूचित जनजातियों का प्रतिशत | अनुसूचित जनजाति की संख्या में कमी |
|---|---|---|---|---|---|---|
| वर्ग "क" | 345 | 15 | 5 | 4.35 | 1.45 | 20 |
| वर्ग "ख" | 418 | 5 | 11 | 1.2 | 2.63 | 19 |
| वर्ग "ग" | 12458 | 4 | 691 | 0.03 | 5.55 | 803 |
| वर्ग "घ" | 6251 | 5 | 384 | 0.07 | 6.14 | 366 |